**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**पीएम–रोज़गार मेला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले में बोल रहे थे। नवनियुक्त युवाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की रोज़गार मेला पहल से लाखों युवा केंद्र सरकार में स्थायी नौकरियां हासिल कर चुके हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**योजनाएं**

मंडी ज़िले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा के कारण जल शक्ति विभाग की 2 सौ 41 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में बताया कि इनमें से एक सौ 50 योजनाओं को आंशिक रूप से बहाल किया गया है। इसके अलावा शेष योजनाओं को बहाल करने के लिए विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दिन–रात कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अग्निहोत्री ने बताया कि वे स्वयं राहत व बचाव कार्यों सहित क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की बहाली के कार्यों की नियमित तौर पर समीक्षा कर रहे हैं।

**भूस्खलन**

मंडी–पंडोह राष्ट्रीय राजमार्ग चार मील के समीप आज हुए भारी भूस्खलन के कारण अवरूद्ध हो गया है। प्रशासन ने सड़क को बहाल करने के लिए कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। मंडी पुलिस के अनुसार मार्ग अवरूद्ध होने के कारण छोटे वाहनों के लिए चैलचौक–गोहर–पंडोह और कमांद–कटौला–बजौरा मार्गों का इस्तेमाल वैकल्पिक रूप से कर सकते हैं। हमारे संवाददाता के अनुसार भूस्खलन के बाद कुल्लू की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को नागछला जबकि कुल्लू से मंडी की ओर आने वाले वाहनों को झीरी में रोक दिया गया है।

ये पाबंदी मार्ग पूरी तरह बहाल होने तक प्रभावी रहेगी। प्रशासन के अनुसार मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में मार्ग कल तक बहाल होने की संभावना है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून का दौर और तेज़ हो गया है। मौसम विभाग ने 18 जुलाई तक कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश से प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त है। इस मानसून सीजन में अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 95 लोगों की जान जा चुकी है, 33 लोग लापता हैं और एक सौ 75 लोग घायल हुए हैं। आपदा से सबसे ज्यादा मंडी में 21 मौतें हुई हैं, जबकि कांगड़ा में 14, कुल्लू में 10, चम्बा में 9 और बिलासपुर में 7 लोगों की मौत हुई है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश इस समय गंभीर आपदा से जूझ रहा है और ऐसे में लोक निर्माण विभाग पूरी मजबूती के साथ ग्राउंड जीरो पर डटा हुआ है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की बहाली विभाग की पहली प्राथमिकता है और इसके लिए हर तरह की मशीनरी धरातल पर उतारी गई है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र को 50 लाख रूपये जबकि अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों को राहत के तौर पर 2 करोड़ रूपये प्रति विधानसभा क्षेत्र देने का निर्णय लिया है।

…………………………………………………………………………………………………………